## सार-समाचार

### लाभार्थियों से संपर्क किया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में चलाए जा रहे लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के तहत मंडल छीपाबड़ौद द्वारा शक्ति केंद्र ढोलम रांई के बूथ क्रमांक 28, 29 के लाभार्थी महिलाओं व पुरुषो से मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल नागर के नेतृत्व में संपर्क कर के केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा द्वारा पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओ को 50 लाभार्थियों से संपर्क करना है। तथा लाभार्थियों से भाजपा द्वारा जारी किए गए मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस कॉल करवाना है। उन्होने कार्यकर्ताओ को बताया की प्रत्येक बूथ पर पार्टी को जिताने के लिए आने वाले दिनों में शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ पर बूथ समितियां का सत्यापन करके प्रत्येक लाभार्थी कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर जनसंपर्क करें तथा लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। इस मोके पर पूर्व सरपंच इन्द्रनारायण नागर, सत्यप्रकाश धाकड़, विधानसभा विस्तारक प्रदीप कुमार सोनी, राम प्रसाद नागर, शिवनारायण भील, विशाल नागर सहित कई कार्यकर्ता साथ रहे।

### फिल्म 'अनेकता में एकता' का प्रदर्शन

**छबड़ा** (निसं)। सुरज्ञान कला संगम संस्थान की ओर से शुक्रवार को फिल्म अनेकता में एकता का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक साहित्यकार इकराम राजस्थानी ने अपने उद्बोधन में देश में एकता और शांति को बनाए रखने का आव्हान करते शेरो-शायरी पेष की। इस अवसर पर लेखक निर्देशक धर्मेंद्र उपाध्याय और निर्माता निर्देशक महताब खान का संस्था की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फिरोज खान ने किया। उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान के तीर्थराज पुष्कर और अजमेर दरगाह को केंद्र में रखकर बनाई गई। 20 मिनट की अवधि वाली फिल्म को सामाजिक-समानता और भाईचारे और बढावा देने के उद्देशय से बनाया गया है। फिल्म का छायांकन आशुतोष निगम और वॉइस ओवर आरजे सचिन ने किया है। ब्रह्माजी की नगरी पुष्करराज पर आधारित फिल्म में अनेकता में एकता की मिसाल पेश की है। फिल्म डॉ. महताब खान ने अतिथियों का स्वागत किया।

### वसुंधरा राजे बारां-झालावाड़ दौरे पर

**भवानीमंडी** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शनिवार को झालावाड़ दौरे पर रही उनके साथ बारां झालावाड सांसद दुष्यंतसिंह भी रहे जो झालावाड़ मार्ग पर वाहनों के साथ भवानीमंडी पहुंची जहां उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश जैन करावन के पुत्र ऋषभ जैन के विवाह समारोहों में शिरकत कर वर वधु को आशीर्वाद दिया। वहीं इससे पूर्व वसुंधरा राजे और दुष्यंतसिंह का एसडीएम तिराहे के यहां डग क्षेत्र के विधायक कालूराम मेघवाल, प्रधान सुल्तानसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनिश दीक्षित,विनय पोरवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, विजय सिंह कुण्डी खेड़ा, राजेश बसवाल, रामेश्वर रंगीला, डॉक्टर भूपेश दयाल, रंजीता पांडे आदि कार्यकर्ताओ ने उनका पुष्प माला और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया वसुंधरा राजे राजस्थान मिल्स के गेस्ट हॉउस में थोडी देर रुकी जहां उन्होंने कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकार्यो से भी चर्चा की जिसके बाद वह जयपुर के लिए रवाना हुई दुष्यंतसिंह भवानीमंडी से इंदौर होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। केंद्रीय कर्मचारी हित निधि के सौजन्य एवं रेलवे अस्पतालों के सहयोग से निरामयी संस्था, बेंगलोर के द्वारा मण्डल रेल चिकित्सालय, कोटा में आगामी 11 एवं 12 मार्च को दो दिवसीय महिला ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के आयोजन किया जा रहा है। यह एआई बेस्ड रेडिएशन-फ्री एवं नॉन कोंटेक्ट ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प है। इस कैम्प में परीक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक महिला रेल कर्मचारी एवं पात्र महिला आश्रित शामिल हो सकती है। स्क्रीनिंग हेतु पूर्व रेजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रेजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों माध्यम से 5 मार्च तक किया जा सकता है। ऑफलाइन रेजिस्ट्रेशन के आवेदन के लिए डीआरएम कार्यालय के कल्याण शाखा अथवा रेलवे चिकित्सालय कोटा में संपर्क कर सकते है तथा ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन गूगल लिंक से किया जा सकता है।

### चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

**छबड़ा** (निसं)। राजकीय चिकित्सालय के संविदा कर्मियों ने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को ज्ञापन देकर विभिन्न योजना अंतर्गत कार्यरत कर्मिको का श्रम विभाग के अनुसार पारिश्रमिक भुगतान करवाने की मांग की है। संविदा कर्मियों ने ज्ञापन में बताया कि श्रम विभाग राजस्थान सरकार की अधिसूचना की अनुपालना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बारां के आदेश द्वारा विभिन्न योजनाओं में कार्यरत विभिन्न पदो पर संविदा कार्मिकों के मानदेय अभिवृद्धि एवं एरियर भुगतान व मानदेय भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसलिए राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत संविदा कार्मिको का एरियर का भुगतान एक मार्च से व आगामी माह से श्रम विभाग के अनुसार मानदेय भुगतान करवाया जाए।

# पुलिस ने बाइक चोर गैंग का खुलासा किया

■ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। शहर की किशोरपुरा थाना पुलिस ने बाइक चोर गैंग का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया गया है। इन तीनों ने मिलकर कोटा शहर में सैकड़ों की संख्या में बाईक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

यह बाईक चोरी की वारदातें भी अपने महंगे शौक पूरे करने और हाई प्रोफाइल लाईफ जीने के लिए इन्होंने की थी। यह बाईक को चोरी कर उन्हें अपने दामों पर आगे बेच देते थे। चोरी की बाईक से होने वाली आमदनी से शराब-सिगरेट और महंगे कपड़े-जूते पहनने का काम यह करते थे।किशोरपुरा थाना अधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि साल 2022 में दशहरे मेले के दौरान फरियादी शंभू दयाल ने एक बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने जांच-पड़ताल जारी रखी थी और तकनीकी अनुसंधान के जरिए आरोपियों तक पुलिस पहुंची है।

इस मामले में पुलिस ने मूलतः झालावाड़ जिले के खानपुर के बड़गवालिया निवासी 26 वर्षीय महेंद्र कुमार मेघवाल और खानपुर के ही बैसार गांव निवासी 22 वर्षीय विकास मेघवाल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी वर्तमान में कोटा शहर के उद्योग नगर थाना इलाके के प्रेम नगर में रह रहे थे। इनके साथ एक नाबालिक को भी निरुद्ध किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 10 मोटरसाइकिल बरामद की है। यह उन्होंने कोटा शहर के अलग-अलग इलाकों से चुराई थी। इसके बाद इन आरोपियों ने अपने प्रेम नगर सेकंड स्थित घर पर ही इन बाइक को रखा हुआ था। जिन्हें बेचने की फिराक में घूम रहे थे। आरोपी शहर में भीड़भाड़ वाले बाजार, अस्पताल और नो पार्किंग के स्थान को चिन्हित कर वाहनों की चोरी कर रहे थे। चंद मिनट में ही यह मोटर बाइक को लेकर फरार हो जाते थे।

## फसल खराबे का जायजा लिया

**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति प्रधान हरिओम नागर ने क्षेत्र के गांवों का दौरा कर फसल खराबे का जायजा लिया और कलैक्टर, कृषि मंत्री को पत्र लिखकर नुकसान का शीघ्र ही सर्वे करवाकर किसानो को उचित मुवावजा दिए जाने की मांग की। प्रधान नागर के अनुसार अभी हाल ही मे हु बारिश और ओलावृष्टि से क्षेत्र मे अत्यधिक नुकसान हुआ है। धनिया, गेहूँ, अफीम, सरसो की फसले अत्यधिक प्रभावित हुई है। उन्होने षनिवार को बापचा, तीतरखेड़ी, बिशनखेड़ा, कराड़ियापार, कडैयाछत्री, कोटरापार, भूलोन, बिदनवास, दौलाडा, भोजपुर, सेवनखेड़ी, पिलीढाई, हनुवतखेड़ापार सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और जायजा लिया। इस अवसर पर किशन गोपाल यादव, हेमंत यादव, प्रहलाद यादव, बुंदेल सिंह अहीर, लक्ष्मीनारायण, श्रीराम यादव, भूरा यादव आदि साथ थे।

## प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्वायत्तता को पूर्ववत बनाए रखने के लिए आर्य समाज द्वारा अतिरिक्त कलेक्टर सीलिंग को ज्ञापन सौपा गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य समाज के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि आर्य उप-प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा के नेतृत्व में सभा के महामंत्री अरविंद पांडेय, उप प्रधान हरिदत्त शर्मा मंत्री प्रभु सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट चंद्र मोहन कुशवाहा, एडवोकेट दीपक कलवार के कार्यकारिणी के सदस्य आनंदीलाल कुशवाहा और राजीव आर्य ने अति कलक्टर सीलिंग से भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम गुरुकुल कांगड़ी की स्वायत्तता बरकरार रखने के बारे में आर्य समाज की चिन्ता से अवगत करवाया।

# फागोत्सव व विचार गोष्ठी आज

**कोटा,** (निसं)। वर्तमान समय में लोग अपने काम और व्यस्तता के चलते काफी तनाव में रहते हैं और समय से पूर्व ही वह बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं, ऐसे में वह अपने जीवन में किस तरह से खुशियां ला सकते हैं, कैसे खुश रह सकते हैं और दूसरों को भी खुश कर सकते हैं, मन से नकारात्मक भाव को नष्ट कर सकारात्मक की और बढ़ना, और अपनी जीवन शैली में कैसे बदलाव कर सकते है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए व्याख्यानमाला हरे कृष्णा मंदिर मुकुंदरा विहार में रविवार को आयोजित की जाएगी।

आध्यात्मिक गुरु अपने विचार व्यक्त करेंगे। कारकराम समन्वयक व सयोजक भुवनेश गुप्ता व डॉ.क्षिप्रा गुप्ता ने बताया कि लायंस क्लब कोटा टेक्नो व अन्य विविध संगठन के सहयोग से फागोत्सव व परिवार में बढ रही दूरियों को कैसे कम किया जाए विषय पर व्याख्यान होगा। उन्होंने कहा कि खुशी से बड़ी कोई खुराक नहीं हो सकती, पुरानी रीतियों को छोड़ने से उत्पन्न समस्या और अधिक अपेक्षा की आदत सहित कई विषयों पर वक्ता अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही टूटते परिवार को बचाना, संयुक्त परिवार की और लौटना, रिश्तों में मिठास कैसे लाई जाए सहित अन्य विषयों का भी समायोजन संगोष्ठी में होगा।

**फागोत्सव में सजेगी लाइव झांकी:-** लायंस क्लब कोटा टेक्नो की निदेशक रजनी गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर फागोत्सव की धूम रहेगी जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य किया जाएगा, फागोत्सव मनाया जाएगा। लायंस क्लब टेक्नो की अध्यक्ष रेणु अग्रवाल, सचिव नमीता गुप्ता ने बताया कि मनोरंजन के साथ आध्यात्म का अहसास कराने के साथ धूम-धड़ाका और मस्ती भगवान कृष्ण के साथ होगी। कोषाध्यक्ष रचना गोयल ने बताया कि संकल्प हम बदलेंगे की सोच के साथ लायंस क्लब कोटा टेक्नो आध्यात्म के साथ आनंद की अनुभूति से लबरेज आयोजन कर रहा है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन के तहत अक्षय पात्र फाउंडेशन के हरे कृष्णा मंदिर में आनंद की अनुभूति होगी, नैसर्गिक सौंदर्य के बीच भगवान की छटा के दर्शन होंगे, फागोत्सव में झूमते नाचते राधाकृष्ण की झांकी को लुभाते आनंद में डूबते नजर लोग आएंगे, सकारात्मक आध्यत्म से जुड़कर स्वस्थ जीवन जीने की कला पर प्रबोधन, फेलोशिप का मजा, जिसमे नए नए भाव और स्वभाव के आत्मीय जनों से मिलने का अवसर मिलेगा, कीर्तन, भजन का सुमधुर सौंदर्य, सुंदर मंदिर और इसके कोटा में बहुत बड़े प्रोजेक्ट को जानने की जिजीविषा का आनंद और कई गेम भी होंगे।

## युवा मंथन कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में तकनीकी शिक्षा के युवाओं के रचनात्मक और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्वजनिक चर्चा करने के उद्देश्य से युवा मंथन मॉडल यूनाईटेड नेशंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि लाईफस्टाईल फॉर एनवायरमेंट की थीम पर दो अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में ऑल इंडिया पॉलीटिकल पार्टी मीट का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने-अपने उपाय सुझाऐं। द्वितीय सत्र में बवच29 का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि के रूप में पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण की विभिन्न गतिविधियों एवं उपायों पर मंथन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के उपायों पर चर्चा की गई एवं एक ड्रॉफ्ट रेजोल्यूशन तैयार किया गया।

कुलपति प्रो.एस.के.सिंह ने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया की वह पूरी लगन से और सकारात्मक विचारों के साथ इस मंथन का हिस्सा बनें। सामने आने वाले जटिल मुद्दों को समझे, शोध करे, उन पर बहस करे और चर्चा के माध्यम से समाधान खोजने का सकारात्मक प्रयास करे। कुलपति प्रो.एसके सिंह ने अपने संदेश में कहा की युवा मंथन मॉडल युवाओं के लिए आगे आने और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचारों को साझा करने का एक अच्छा अवसर है जो वैश्विक नागरिकों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए एक अच्छी पहल है। युवामंथन का उद्देश्य आत्म-जागरूकता, समावेशिता, सहयोग और नवाचार के सिद्धांतों पर युवाओं के बीच जागरूकता, सॉफ्ट कौशल और सक्रिय भागीदारी पैदा करना है।

युवा मंथन मॉडल भारत के भावी युवाओं को परिवर्तनकारी सीखने का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक असाधारण मंच है। इस आयोजन के दौरान युवाओं ने देश के सामरिक, आर्थिक, कूटनीतिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखने का अवसर प्राप्त होगा। युवा मंथन मॉडल का मकसद युवाओं को एक मंच देना है। आज दुनिया में भारत के युवाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है और वे वैश्विक स्तर की समस्याओं का समाधान करके योगदान देने की क्षमता रखते हैं, दुनिया की सामाजिक, आर्थिक राजनीतिक समस्याओं से संबंधित मामलों पर 'युवा मंथन युवा विद्यार्थियो को वैश्विक मंच प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन प्रो.ए.के.द्विवेदी का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस कार्यक्रम में जज एवं जूरी के रूप में डॉ.सीमा अग्रवाल, डॉ.रितेश पाटीदार डॉ.संजू तंवर एवं सीमा मीना उपस्थित रहे।

## साहित्य संगोष्ठी आयोजित

**कोटा,** (निसं)। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती के 200वें जन्मदिवस व आर्य समाज के 150 वर्ष होने के उपलक्ष में महर्षि दयानन्द सरस्वती साहित्य संगोष्ठी व काव्य संध्या का आयोजन 3 मार्च को दोपहर 3.30 बजे सेन्ट्रल लाइब्रेरी के सभागार में किया जाएगा।

आर्य उप प्रतिनिधि सभा के प्रधान अर्जुन देव चड्ढा ने कहा कि सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा अपनी कविताओं व गीतों के माध्यम से समाज सुधार, वेदोद्धार के क्षेत्र में महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा किए गए कार्यों पर साहित्यिक की रचनाएं प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अपर्णा पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.भालचंद्र तैलंग करेंगे।

## सार-समाचार

### सी.एल.जी. की बैठक आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना परिसर में शनिवार को सीएलजी व शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाशिवरात्रि, होली व रमज़ान को शांतिपूर्ण व सौहार्द से मनाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी तरुणकांत सोमानी द्वारा की गई। बैठक में उपस्थित पार्षद खालिद राणा सहित अन्य लोगो ने आगामी त्योहारों व गर्मी के मौसम को देखते हुए बाजार खुलने का समय रात्रि 11 बजे तक बढ़ाए जाने की मांग रखी। जिस पर डीएसपी सोमानी व सीआ राजेश खटाना ने बाजार का समय रात्रि 11 बजे तक करने की घोषणा की। वही, बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर रात्रि 10 बजे बाद डीजे पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में बाइक चोरी, अतिक्रमण व रात्रि गश्त को मजबूत करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। पिछली सीएलजी बैठक में हुए निर्णय अनुसार पालिका द्वारा मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर लाईनिंग नही डालने पर पुलिस प्रशासन द्वारा पालिका के प्रति नाराजगी जताई। इस पर डीएसपी ने पालिका प्रशासन को लाईनिंग डालने व बाजार में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देषित किया। यहां सदस्यों ने कस्बे में संचालित हो रहे अवैध षराब के ठेको व जुए के अड्डो पर अंकुष लगाए जाने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, पालिका उपाध्यक्ष अबरार अहमद सिद्दीकी, पूर्व प्रधान मानसिंह धनोरिया, जगदीश शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश माहेश्वरी व वली अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिविर में 98 यूनिट रक्त एकत्रित

**कोटा,** (निसं)। ग्राम किशोरपुरा तकिया पर शनिवार को समाजसेवी मुकुट बिहारी मालव की तृतीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन उनके पुत्र कुलदीप मानव ने बताया कि रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, अध्यक्षता कोटा मार्केटिंग सोसायटी निहाल सिंह, विशिष्ट अतिथि मार्केटिंग सोसायटी के उपाध्यक्ष चेतन मानव मालव, सोगरिया जीएसएस अध्यक्ष गिर्राज, भदाना जीएसएस से महेंद्र नागर उपस्थित रहे। कुलदीप मालव ने बताया कि गांव के युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़कर हिस्सा लिया और 101 यूनिट रक्तदान किया। मुकुट बिहारी मालव की पुण्यतिथि पर आयोजित शिविर में एमबीबीएस और कृष्ण रोटरी ब्लड बैंक सहयोगी बना। भूमि विकास बैंक अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा हमारे पूर्वजों को श्रद्धांजलि देने का यह बहुत ही सुंदर और अनुकरणीय प्रयास है हमें अपने जन्मदिन और महत्वपूर्ण अवसरों पर भी इस प्रकार के आयोजन कर समाज हित में अपनी भागीदारी को निभाना चाहिए। इससे पूर्व चैनसिंह राठौड़ का मंदिर परिसर में ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया और उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया गया।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**छबड़ा** (निसं)। सालपुरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट शुक्रवार रात्रि को एक बाइक सवार युवक को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची छबड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलतपुरा गांव निवासी बबलू ऐरवाल बाइक पर सवार होकर छबड़ा से कवाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए छबड़ा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बारां रैफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिविर में 52 रोगी लाभान्वित

**कोटा,** (निसं)। मोतियाबिंद के रोगियों के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 29 फरवरी को लांयस क्लब भवन झालावाड़ रोड पर सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष राममदनानी ने बताया कि शिविर के 117 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी, शुगर अन्य बीमारी के चलते 52 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन कर गुरुवार को उन्हें काले चश्मे सौंपे गए।


**खोया-पाया**

मेरे मकान न. 3-G-6 तलवण्डी कोटा के मूल दस्तावेजों में से नोडयूज रास्ते में जाते समय कही गिर गये है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

पता-स्नेह लता गुप्ता 3-G-6 तलवण्डी कोटा, मो. न. 6375549844


## लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारंभ

**रावतभाटा,** (निसं)। भाजपा नगर मंडल चित्तौडगढ द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, भाजपा नगर अध्यक्ष सागर सोनी एवं अभियान के नगर संयोजक नगर महामंत्री छोटूसिंह शेखावत ने चितौडगढ में लाभार्थियों से संपर्क एवं संवाद कर लाभार्थी संपर्क अभियान का शुभारंभ किया।

# 'स्व.भुवनेश चतुर्वेदी सर्वप्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे'

■ भुवनेश चतुर्वेदी की पुण्यतिथि मनाई

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री कार्यालय में रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.भुवनेश चतुर्वेदी की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर बारां रोड़ स्थित भुवनेश बाल विद्यालय प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस के नेता एवं शहर के गणमान्यजनों ने माल्यार्पण कर वही पर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी का संचालन भुवनेश बाल हितकारी समिति के उपाध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरसिंहराव के प्रधानमंत्री कार्यालय में रहे। केंद्रीय मंत्री स्व.भुवनेश चतुर्वेदी सर्वप्रिय कांग्रेस के महान नेता थे उनकी भाषा स्पष्टवादी नेता के रूप में जानी जाती थी उनकी कार्यशैली सबको प्रभावित करती थी पीसीसी सदस्य विट्ठल खंडेलवाल ने कहा कि स्व.भुवनेश चतुर्वेदी ने अपने कार्यकाल में देशहित में भारत-चीन के समझौता कराकर देश हित के कार्य किये। कांग्रेस के नेता डॉ.विजय सोनी ने कहा कि देश हित के साथ-साथ जनहित में कोटा के विकास लिए कोटा निगम को बी श्रेणी का दर्जा, मेडिकल कॉलेज की मान्यता, रेलवे स्टेशन के सहित अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यो में उनका योगदान रहा है उनकी कार्यशैली स्पष्टवादी के रूप में पहचान थी।

कांग्रेस नेता डॉ.विजय सोनी ने बताया गोष्ठी में प्रमुख रूप से विनीत चतुर्वेदी, मुक्ता चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष एड. ललित शर्मा, पूर्व पार्षद जियाउद्दीन, छोटूलाल मीणा, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश मीणा, एड. विश्वजीत, एड.सलाउद्दीन, मीणा समाज के पूर्व अध्यक्ष परमानंद मीणा, हेमराज मीणा, बबलू कसाना, बनवारी मीणा आदि उपस्थित थे। गोष्ठी को धन्यवाद ज्ञापित जगदीश नंदवाना ने किया।

# भगवान शिव-पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया

**कोटा,** (निसं)। थेगड़ा स्थित शिवपुरी धाम में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष एवं ब्रह्मलीन राणा रामपुरी महाराज की 36वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया गया। इससे पूर्व भगवान शिव-माता पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई।

इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान कथा वाचक पंडित योगेश शर्मा ने प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो दुखी न हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता है कि हम भगवान का स्मरण करना ही छोड़ दें। जीवन में उतार-चढाव आते रहेंगे।


**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/36 (2023-24), दि. 01.03.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा,** निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** ईएल/50/199/2023-24. **कार्य का नामः गर्मी के मौसम में नामांकित स्थानों पर किराए के आधार पर वर्ष 2024, 2025 और 2026 (कुल 122 x 3 = 366 दिन) सिंगल पैड डेजर्ट एयर कूलर की सप्लाई, इनस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग संलग्न विनिर्देशों के अनुसार मरम्मत, रखरखाव और परिवहन सहित। अनुमानित लागतः** ₹ 28,00,174.50. **बयाना राशिः** ₹ 56,000/-. **कार्य समाप्ति अवधिः** 36 माह। **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 22.03.2024 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांकः-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/30884 दिनांकः 29.2.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्य नारायण शर्मा आत्मज स्व. श्री देवी शंकर निवासी मकान नं. 255 महावीर नगर द्वितीय कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 255 महावीर नगर द्वितीय कोटा स्थित भूखंड जिसका कुल क्षेत्रफल 20x49=980 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 255 महावीर नगर द्वितीय कोटा स्थित भूखंड का क्षेत्रफल 20x49=980 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ 3646 दिनांक 23.06.1976 से श्री देवी शंकर आत्मज श्री काशीनाथ को किया गया। जिसकी लीजडीड (प्रथम रजिस्ट्री) श्री देवी शंकर के पक्ष में दिनांक 31.03.1991 से कार्यालय उप पंजियक कोटा में पंजिबद्ध है। उक्त भूखंड पर श्री देवी शंकर का मालिकाना हक व अधिकार चला आ रहा है। श्री देवी शंकर आत्मज श्री काशीनाथ का देहावसान दिनांक 08.06.2000 को हो चुका है व श्रीमती सरजु बाई शर्मा पत्नी श्री देवी शंकर का देहावसान दिनांक 09.12.2012 को हो जाने के उपरांत उनके विधिक वारिस एवं उत्तराधिकारी होने के नाते आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण